गृह मंत्रालय
भारत सरकार

करें उन
जांबाज़ों को नमन
जिनसे देश है अखंड

CBC 19101/13/0017/2627

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान | राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक | भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026 सरदार पटेल यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



DNA 415781

कलेक्ट्रेट में बंदरों का आतंक



फोटो : श्रीकांत जांगिड़

गली-मोहल्लों की बात तो छोड़िए, कलेक्ट्रेट परिसर भी बंदरों के आतंक से अछूता नहीं है। शुक्रवार को तिरंगे से छेड़छाड़ करती बंदरों की टोली ।

एसआई परीक्षा 2025 के साक्षात्कार का तृतीय चरण 2 नवम्बर से

सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा 2025 के विभिन्न पदों का साक्षात्कार कार्यक्रम भी जारी

कासं/अजमेर।

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती 2025 के साक्षात्कार का तृतीय चरण एवं सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती 2025 के विभिन्न विषय के पदों के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया है।

उपनिरीक्षक/ प्लाटून कमाण्डर 2025 के तृतीय चरण के साक्षात्कार 2 से 30 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। वर्तमान में इस परीक्षा के द्वितीय चरण के साक्षात्कार 30 अक्टूबर तक चलेंगे। यह परीक्षा कुल 1076 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा 2025 के केमिस्ट्री विषय के साक्षात्कार 2 से 20 नवंबर तक, इकोनॉमिक्स के 26 एवं 27 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के समय सभी अभ्यर्थियों को स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र, समस्त मूल प्रमाण पत्र और फोटो कॉपी के साथ उपस्थित होना है। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

17 अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र सब्मिट करने का अंतिम अवसर

अजमेर। आरपीएससी ने सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2025 के अंतर्गत जारी विचारित सूची में शामिल 17 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अंतिम अवसर दिया है।

इन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में दिए गए अवसर के दौरान ऑनलाइन विस्तृत आवेदन सब्मिट नहीं किया। संबंधित अभ्यर्थी 24 से 28 अक्टूबर तक विस्तृत ऑनलाइन आवेदन सब्मिट कर सकते हैं। ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों को अपात्र मानते हुए परिणाम/ चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

अगद तंत्र, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विषय की मुख्य सूची जारी

अजमेर। आरपीएससी ने लेक्चरर (आयुष विभाग) भर्ती 2025 के अगद तंत्र, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विषय के पदों के लिए मुख्य सूची जारी की है। विचारित सूची में अस्थाई रूप से शामिल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन बाद अगद तंत्र के 1 तथा प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विषय के 1 अभ्यर्थी को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

व्हीलचेयर पर मटके, गले में टोंटियों की माला पहन लोगों ने किया प्रदर्शन

सात वार्डों में पेयजल संकट : पीएचईडी एसई कार्यालय पहुंचे क्षेत्रवासी, पुलिस से हल्की नोकझोंक, 10 दिन का अल्टीमेटम



कासं/अजमेर।

शहर के सात वार्डों में गहराए पेयजल संकट से त्रस्त लोगों ने शुक्रवार को जल अधिकार यात्रा के तहत व्हीलचेयर पर मटके रखकर और गले में टोंटियों की माला पहनकर लोहाखान रोड स्थित जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) कार्यालय के बाहर अनूठा प्रदर्शन किया। सुरक्षा और शांति की दृष्टि से यहां भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। पुलिस ने कार्यालय के मुख्य प्रवेश को बंद कर दिया। गेट खुलवाने को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक हुई। बाद में पार्षदों ने अधीक्षण अभियंता को पानी की समस्या का ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों ने 10 दिन में पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रदर्शकारियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही।

वार्ड 60, 61, 62, 63, 64, 65 एवं 66 के लोग सुबह पार्षदों की अगुवाई में पुलिस लाइन स्थित अटल उद्यान पर एकत्रित हुए। यहां से सभी रैली के रूप में लोहाखान स्थित विभाग के एसई कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वारा को बंद कर दिया गया था तथा अंदर और बाहर भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। प्रदर्शनकारियों ने गेट खुलवाने की मांग की, लेकिन पुलिस ने गेट नहीं खोला गया। ऐसे में कुछ प्रदर्शनकारी गुस्से में पुलिस से भीड़ गए। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

पीवीसी पाइप पर सात टोंटियां, दर्शा रही सात वार्ड की पेयजल समस्या

जल समस्या को लेकर लोगों का प्रदर्शन अनूठा रहा। रैली में व्हीलचेयर पर मटके रखे हुए थे। जिन पर प्लास्टिक के पाइप की माला पहनाई गई थी। इसी तरह लोगों के हाथों में 12 फीट का पीवीसी पाइप था। जिसमें सात टोंटियां लगी थी, जो 7 वार्डों की पेयजल समस्या का दर्शा रही थी। कुछ लोगों ने अपने गले में टोंटियों की माला पहनी हुई थीं। लोगों के हाथों में पेयजल समस्या को दर्शाती तख्तियां भी थी। प्रदर्शन के बाद में पुलिस ने गेट खोलकर पार्षदों को अंदर लिया। उन्होंने एसई भुवनेश्वर अग्निहोत्री को ज्ञापन देकर 10 दिन में इन वार्डों में पेयजल समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन देने वालों में पार्षद नौरत गुर्जर, आशा तुनवाल, पुष्पा जैदिया, मीनाक्षी मीणा, गणेश चौहान, पार्षद प्रत्याशी मोहसिन खान, पूर्व पार्षद नरेंद्र तुनवाल आदि शामिल थे।

पुलिस जाप्ता तैनात



यह भी उठाई मांगें

- त्यौहारों के मद्देनजर 20 मिनट अतिरिक्त सप्लाई।
- वार्ड 61 में आरपीएससी के पीछे स्थित गांव बंदिया में पेयजल आपूर्ति के लिए एक पानी की टंकी का जल्द निर्माण।
- सामान्य दिनों में पूरे एक घंटे सप्लाई।
- सप्लाई का समय निश्चित हो।
- बरसों पुरानी लाइनों की जगह 4 स 6 इंच की मोटाई की नई लाइनें डाली जाएं।

अमृत मिशन में डलेंगी नई लाइनें-एसई

विभाग के एसई भुवनेश्वर अग्निहोत्री ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि अमृत मिशन 2.0 में इन वार्डों को लिया गया। यहां नई पाइप लाइनें डलेंगी। जिससे यहां प्रेशर की समस्या का निदान होगा। यहां सप्लाई का अंतराल भी 48 घंटे किया जाएगा तथा इसका समय भी निश्चित किया जाएगा।

कांग्रेस ने भी उठाया पेयजल संकट का मुद्दा

अजमेर। शहर में चल रही पेयजल किल्लत के मुद्दे को शहर कांग्रेस ने भी उठाया है। पार्टी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सवाल किया है कि जब त्यौहार पर पानी नहीं मिल रहा है तो स्मार्ट सिटी के दावे करने से आम जनता को क्या फायदा होगा।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के अनुसार दीपावली त्योहार सिर पर है, घरों में साफ-सफाई और तैयारियां चल रही हैं, लेकिन अजमेर के कई इलाकों में लोग पानी की कमी से परेशान हैं। त्योहार के समय जब घरों में सामान्य दिनों से अधिक पानी की जरूरत है, तब भी कम दबाव और लंबे अंतराल से जलापूर्ति की शिकायतें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के नाम पर अजमेर की जनता को विकास के सपने दिखाए गए, लेकिन बुनियादी समस्याओं से राहत नहीं मिली। कई क्षेत्रों में लोगों को 72 से 96 घंटे तक जलापूर्ति का इंतजार करना पड़ने और पानी कम दबाव से आने की शिकायतें हैं। एक तरफ करोड़ों रुपए की घोषणाएं और शिलान्यास किए जा रहे हैं, दूसरी तरफ जनता टूटी सड़कों, बिगड़ी यातायात व्यवस्था और पेयजल संकट से जूझ रही है।

करोड़ों की घोषणाएं, लेकिन सड़कों पर गड्ढे और चौराहों पर जाम

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अजमेर में विकास के दावों और जमीनी हालात के बीच बड़ा अंतर है। शहर के अनेक इलाकों में टूटी सड़कें, गड्ढे और अधूरे निर्माण कार्य लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। पेचवर्क के नाम पर होने वाली मरम्मत की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं प्रमुख मार्गों और बाजारों में यातायात जाम से नागरिकों को रोजाना जूझना पड़ता है।

संस्कृत विषय की विचारित सूची जारी, 1426 शामिल

367 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित

कासं/अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2025 के संस्कृत विषय के पदों के लिए विचारित सूची जारी की है। इसमें 1426 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच लिए अस्थाई रूप से शामिल किया गया है। आयोग ने 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प नहीं भरने के कारण 367 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची संबंधित विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन कराए जाने के बाद आयोग द्वारा जारी की जाएगी। विचारित सूची में शामिल अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने होंगे। विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने का लिंक 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खोला जाएगा। विचारित सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर माय रिक्रूटमेंट-डीटेल्ड फॉर्म कम स्क्रूटनी- अप्लाई नाउ का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरना है। विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ही की जाएगी।

निवेशक शिक्षा
और जागरूकता अभियान

म्यूच्युअल फ़ंड्स के बारे में और अधिक जानने के लिए इसमें अवश्य भाग लें.

दिनांक तथा स्थान :

बुधवार, 28 अक्टूबर 2026; शाम 6:00 बजे से, (यह IAP केवल महिलाओं के लिए है).
श्री राम रेस्टोरेंट एंड कैफे, 23/1 मोतीपुरा, बाडिया अजमेर रोड, ब्यावर - 305 901, राजस्थान.
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए, कृपया संपर्क करें: अखिलेश गुप्ता, मोबाइल: 88900 21123.
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है. रजिस्ट्रेशन का समय सुबह 9:30 से शाम 5:00 बजे तक होगा.
वॉक-इन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

HDFC MUTUAL FUND
BHAROSA APNO KA
An Investor Education and Awareness Initiative

म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए, वन टाइम KYC की आवश्यकता को पूरा करने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी हेतु https://www.hdfcfund.com/information/key-know-how पर विज़िट करें. निवेशकों को केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना चाहिए, जिनके विवरण का सत्यापन सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in/intermediaries.html) पर किया जा सकता है. किसी पूछताछ, शिकायत तथा समस्या के समाधान के लिए निवेशक एचडीएफसी तथा/या निवेशक संपर्क अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं. इसके साथ ही, निवेशक एचडीएफसी को सीधे भी शिकायत कर सकते हैं, अगर वे एचडीएफसी द्वारा दिए गए समाधान से संतुष्ट न हों तो वे स्कोर्स पोर्टल https://scores.sebi.gov.in/ पर भी शिकायत कर सकते हैं. स्कोर्स पोर्टल निवेशकों को सेबी को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने तथा तत्पश्चात इसकी स्थिति पर देखने की सुविधा प्रदान करता है. अगर निवेशक सीधे एमसीएक्स से की गई या स्कोर्स पोर्टल के जरिए दर्ज शिकायतों पर समाधान से संतुष्ट न हों तो वह स्मार्ट ओडीआर पर https://smartodr.in/login शिकायत दर्ज कर सकता है.

म्युचुअल फंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें।

DNA 415709

सिंधी भाषा संवर्धन के लिए राष्ट्रीय परिषद
(शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार

सातवें सीपीसी के वेतनमान स्तर-13 (1,23,100 रुपए से 2,15,900 रुपए तक) में, ग्रुप ए राजपत्रित, निदेशक पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद (एनसीपीएसएल), नई दिल्ली, जो शिक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्णत: वित्त पोषित एक स्वायत्त निकाय है, में प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उम्मीदवारों के आवेदन उनके संबंधित संगठनों द्वारा निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से शिक्षा मंत्रालय को भेजे जाने चाहिए और श्री श्रेयांश मोहन, उप सचिव (एल), शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, कमरा संख्या-21114, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001 को रोजगार समाचार और राष्ट्रीय दैनिकों में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए कृपया शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट http://education.gov.in/ पर जाएं। CBC 21262/11/0002/2627

DNA-415685

जेएलएन अस्पताल में थैलेसीमिक बच्चों को अब फिर से उपलब्ध होगा न्यूक्लिक एनएटी रक्त

अजमेर। अजमेर सम्भाग में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के एनएटी रक्त (न्यूक्लिक ऐसीड टेस्टेड ब्लड) को लेकर पिछले दिनों सामने आई समस्या का अब समाधान हो गया है। अब बच्चों के लिए उदयपुर एवं जयपुर के अस्पतालों की तरह ही अब यहां राजकीय जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में एनएटी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है।

मंडरा रहा था रोगों का खतरा

अजमेर रीजन थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी के महामंत्री ईश्वर पारवानी ने पूर्व में इस समस्या को उठाते हुए चिंता जताई थी कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए एनएटी टेस्टेड ब्लड उदयपुर मंगवा कर अजमेर में उपलब्ध करवाया जाता था लेकिन उदयपुर ब्लड बैंक में एनएटी टेस्टिंग हेतु किट खत्म हो जाने से उक्त टेस्ट किए बगैर बच्चों को एलाईजा टेस्टेड ब्लड उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसकी वजह से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के जीवन पर एच.आई.वी. एवं हैपेटाइटिस सी होने का खतरा मण्डरा रहा था।

सोसाइटी ने विधानसभा अध्यक्ष और सीएम के समक्ष उठाई थी मांग

नेहरू चिकित्सालय में यह सुविधा बाधित होने से थैलेसीमिया पीडित बच्चों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करने के कारण सोसायटी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं जेएलएन चिकित्सालय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर बच्चों के हित में शीघ्र समाधान की मांग की थी। उसके बाद अब यह सुविधा पुनः यहां मिलने पर शुक्रवार को सोसायटी के महामंत्री पारवानी, हरमिन्दर सिंह छाबड़ा, प्रदीप लालवानी, अनिल गोयल ने नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया, अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे एवं डॉ. जी.सी. मीणा विभागाध्यक्ष एवं ब्लड बैंक इंचार्ज का आभार व्यक्त किया एवं विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के सहयोग का धन्यवाद ज्ञापित किया।

दो माह से वेतन को तरसे सफाई ठेका कार्मिक

अजमेर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में ठेका कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने और पिछले 10 माह से भविष्य निधि की राशि लंबित होने का मामला सामने आया है। मानव अधिकार परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री व अस्पताल प्रशासन से समस्या समाधान कराने की मांग करते हुए कहा कि वेतन के अभाव में कार्मिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट, वार्ड लेडी, टेलीफोन ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर और वर्कशॉप के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस में शामिल हुए रावत को पूर्व भाजपाई बताने पर भाजपा को ऐतराज

रावत बोले, मैं 25 सालों तक भाजपा से जुड़ा रहा

अजमेर। भारतीय जनता पार्टी के देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले एडवोकेट अशोक रावत द्वारा स्वयं को भाजपा कार्यकर्ता बताए जाने पर ऐतराज करते हुए कहा है कि उन्होंने गत विधानसभा चुनाव में आरएलपी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इसके बाद रावत ने कभी भी भाजपा की सदस्यता नहीं ली है। वहीं रावत ने भाजपा के विभिन्न पदों का दायित्व निभाते हुए अपने 25 साल के सेवाकाल की जानकारी देते हुए जनता का विश्वास साथ होने का दावा किया है। प्रजापत ने कहा है कि रावत स्वयं को भाजपा का कार्यकर्ता बताकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। जो गलत है।

उधर, रावत ने कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर प्रधान बने थे, उन्होंने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा व युवा मोर्चा के विभिन्न पदों का दायित्व संभालते हुए करीब 25 सालों तक भाजपा के साथ थे और संगठन को अपनी सेवा दी। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में पुष्कर विधानसभा क्षेत्र से आरएलपी के प्रत्याशी थे और करीब 17 हजार मत प्राप्त किए थे। जिससे स्पष्ट होता है कि विधानसभा क्षेत्र का मतदाता उन पर विश्वास करता है और वह इस विश्वास को बनाये रखने में हमेशा सफल रहे।

आज बिजली बंद



- सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक संजय नगर, शिवनगर, तारा का ठेका, गोटा कॉलोनी और आसपास।
- दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक केसरगंज, अवंतिका गैस, रावण की बगीची, सीताराम बाजार रोड, ऊसारी गेट, पुलिस चौकी, सेंट जॉन्स स्कूल और आसपास।
- सुबह 9 से दोपहर 2:30 बजे तक नसीराबाद रोड, शालीमार कॉलोनी, सीता कुटीर, डोमिनोज, आदर्शनगर गेट, पुराना जीएन ऑफिस, सिंधी मंदिर के पास, आदर्श नगर गार्डन, माधव द्वार, माधव सर्किल, संत कंवरराम सर्किल, राधा गोविंद धाम, एमआरएफ शोरूम, मुकुंद विहार कॉलोनी, केसरी कॉलोनी।
- सुबह 9:30 से दोपहर 1 बजे तक जवाहर नगर, राघव पब्लिक स्कूल, विष्णु मंदिर, भगवान मानसिक अस्पताल, सर्वोदय कॉलोनी, जैन मंदिर, गोकुल डेयरी, हरिजन बस्ती, चुंगी चौकी के पास।
- सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 बजे केवल मेयो बॉयज कॉलेज 1 और 2 एचटीसी कनेक्शन और आसपास।

25 को

- सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक माखुपुरा, रेल का बाड़िया, चौहान इंजीनियरिंग, कैलाश चाय, श्रीराम उद्योग, जय भैरू पॉलिमर, परबतपुरा बाइपास, ख्वाजा मार्केट, चरनाल पेट्रोल पंप नियर एरिया, खालसा पंप के पास, भोजू कबाड़ी और निकटवर्ती क्षेत्र, इंद्रा इंजीनियरिंग, खाटू श्याम मंदिर, सुंदर विहार कॉलोनी, सेंदरिया गांव, मदन फौजी, डिफेंस अकादमी, कलातों का बंदिया, नदी का चौड़ा।

ऐसे भी हो सकते हैं आप साइबर ठगी के शिकार, रहें सतर्क

डॉक्टर से अपॉइंटमेंट फिक्स करने झांसा का देकर उड़ा रहे खातों से रकम

कासं./अजमेर।

किसी भी हॉस्पिटल या किसी अन्य संस्थान के नम्बर गूगल पर सर्च करने पर भी आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। साइबर क्रिमिनिल ठगी के लिए एक से बढ़कर एक तरीका अपना रहे हैं। मोबाइल पर नम्बर सर्च करने पर आपको चिकित्सक आदि से अपॉइंटमेंट फिक्स करने के लिए लिंक भेजा जा सकता है और कहा जाएगा ये फॉर्म भर दो, भरते ही आपका नम्बर आ जाएगा, दरअसल ये एपीके फाइल होती है। जिसे क्लिक करते ही आपके फोन का एक्सेस उनके पास चला जाता है। कॉन्टैक्ट, मैसेज, फोटो गैलेरी का एक्सेस फ्रॉडर के पास चला जाता



है फिर आपके ओटीपी मैसेज वो आसानी से देख पाते हैं। इस प्रकार आप आसानी से अपनी जमा पूंजी को इस गलती से गंवा सकते हैं। शहर में इस तरह की ठगी की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

....और साइबर फ्रॉडर की ठगी से बच गए

ऐसा ही एक वाकूया साइबर थाने के हैड कांस्टेबल हितेंद्र बागड़ी के पास आया है। उनके परिचित के पास इस प्रकार का कॉल आया जिस पर उन्होंने तुरंत हितेंद्र बागड़ी से संपर्क किया जिसके चलते वह साइबर फ्रॉडर की ठगी से बच गए। बागड़ी ने आमजन से गूगल से किसी भी नम्बर पर आंख बंद कर विश्वास नहीं करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी हॉस्पिटल या संस्थान की अधिकृत वेबसाइट पर ही कोई नम्बर सर्च करें, और किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की सूचना 1930 पर करें। उल्लेखनीय है कि साइबर अवेयरनेस के लिए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में साइबर थाना द्वारा थानाधिकारी शमशेर खां के नेतृत्व में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कविताओं से जागरुकता का संदेश

इसी कड़ी में साइबर स्वरचित कविताएं बहुत ही महत्वपूर्ण अवेयरनेस संबंधी हितेंद्र बागड़ी की साइबर अवेयरनेस पर मैसेज देती हैं। बागड़ी कविताओं के माध्यम से भी स्कूल कॉलेजों व विभिन्न संस्थाओं में साइबर अवेयरनेस व साइबर फ्रॉड से बचने का महत्वपूर्ण संदेश देते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा– घूघरा, जिला अजमेर (राज.)
फोन नं. 0145–2787020, मो. 8094007181;
ई–मेल: ghoogh@bankofbaroda.com

परिशिष्ट–IVक [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]
अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति–दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई–नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणियों/जमानतदारों एवं बंधककर्ता का नाम:– (1) श्री प्रवीण वर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र वर्मा (ऋणी), 27, श्याम पहलवान के पास, रामबुल रोड़, अजमेर, जिला अजमेर (राज.)–305001
(2) श्रीमती संजुला सोनी पत्नी श्री रमेश चन्द्र वर्मा (सह–ऋणी), 27, श्याम पहलवान के पास, रामबुल रोड़, अजमेर, जिला अजमेर (राज.)–305001

बकाया:– डिमाण्ड नोटिस दिनांक :– 10/07/2026; रू. 11,86,312.64 दिनांक 09/07/2026 + आगे का ब्याज, लागत, शुल्क व अन्य खर्चे इत्यादि। वर्तमान बकाया राशि :– रू. 11,86,312.64 दिनांक 09/07/2026 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा आगे का ब्याज, लागत, शुल्क, व अन्य खर्चे इत्यादि

कब्जे की स्थिति:– भौतिक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण का दिनांक व समय: 26/11/2026 दोपहर 12.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक

धरोहर राशि जमा करवाने कि अन्तिम दिनांक: 04/12/2026 समय सायं 4:00 तक

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो –	आरक्षित मूल्य धरोहर धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय
श्रीमती संजुला सोनी पत्नी श्री रमेश चन्द्र वर्मा एवं श्री प्रवीण वर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र वर्मा का आवासीय फ्लेट नम्बर 909, आठवी फ्लोर, श्री वाटिका, ब्लॉक ए, एल.आई.सी. (बिना छत अधिकार के), खसरा नं. 1826, 1827, 5404/1823, 5405/1843, राजस्व ग्राम, माकडवाली जनाना हॉस्पिटल के पास, जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 550.00 वर्गफीट। सीमाएं:– पूर्व में कोरिडोर, पश्चिम में गार्डन, उत्तर में फ्लेट नं. 910, दक्षिण में फ्लेट नं. 908 ऋण भार ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रू. 9,50,000/- धरोहर धनराशि रू. 95,000/- बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/-	05/12/2026 दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया दिए गए लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://Baanknet.Com) को देखें। इसके अलावा, सम्भावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0145–2787020 मो. 8094007181 पर सम्पर्क कर सकते है।
तारीख: 23.10.2026 स्थान: अजमेर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
अधिक विवरण हेतु स्कैन करे

DNJ-415739